मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-33
16/01/2021

मुख्यमंत्री ने आई0जी0आई0एम0एस0 से बिहार में कोरोना वैक्सीनेशन की शुरूआत की

पटना, 16 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज आई0जी0आई0एम0एस0, पटना से बिहार में कोरोना वैक्सीनेशन की शुरूआत की।

आज बिहार के 300 सेंटरों पर एक साथ टीकाकरण अभियान की शुरूआत हुयी। हर सेंटर पर प्रतिदिन 100 लोगों को कोरोना का टीका लगाया जायेगा। आज पहले दिन बिहार में 30 हजार लोगों को टीका लगाया जायेगा। मुख्यमंत्री के समक्ष आई0जी0आई0एम0एस0 के सफाईकर्मी श्री रामबाबू को कोरोना का पहला टीका लगाया गया। श्री राम बाबू के बाद एम्बुलेंस चालक श्री अमित कुमार, लैब टेक्निीशियन श्री सोनू पंडित, डॉ0 श्री सनंत कुमार एवं श्री करणवीर सिंह राठौर को भी टीका लगाया गया। मुख्यमंत्री ने टीका लगवाने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से बिहार में वैक्सीनेशन की शुरुआत हुई है। हमलोग इस अवसर पर यहां उपस्थित हैं। देश की तरह बिहार में भी कोरोना वैक्सीनेशन की पूरी तैयारी की गयी है।

मुख्यमंत्री ने आई0जी0आई0एम0एस0 में बनाये गये ऑब्जरवेशन रूम से वेब कास्टिंग के माध्यम से विभिन्न केन्द्रों पर चलाये जा रहे कोरोना टीका अभियान का जायजा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आई0जी0आई0एम0एस0 कैंपस में एक पौधा भी लगाया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, विधायक श्री संजीव चौरसिया, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, कार्यपालक निदेशक राज्य स्वास्थ्य समिति श्री मनोज कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी, पटना श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना श्री उपेन्द्र शर्मा, आई0जी0आई0एम0एस0 के निदेशक डॉ0 एन0आर0 विश्वास, मेडिकल सुप्रीटेंडेंट श्री मनीष मंडल सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

******